संक्षिप्त

पोक्सो एक्ट में 2 आरोपी को किया गिरफ्तार

सांभरझील। रेनवाल पुलिस ने पोक्सो एक्ट में वांछित दो आरोपियों को गिरफ्तार किया थानाधिकारी देवेन्द्र चावला के निर्देशन में पुलिस टीम का गठन कर आसूचना संकलन व तकनीकी सहायता द्वारा द्वारा थाना रेनवाल पर दर्ज पोक्सो एक्ट के प्रकरण में फरार 2 अभियुक्तो को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की। आप आरोपी निकेत बरी पुत्र ओमप्रकाश बरी जाति बलाई उम्र 19 साल निवासी ढहर की ढाणी मुण्डोती थाना रेनवाल जिला जयपुर व नरेन्द्र कुमार वर्मा पुत्र बंशीलाल वर्मा जाति बलाई उम्र 19 साल निवासी राबडों का बास मण्डा भीमसिंह थाना रेनवाल जिला जयपुर के निवासी हैं।

निःशुल्क परामर्श शिविर 28 को

श्रीमाधोपुर। स्वर्गीय चंद्र मणि शर्मा धर्मार्थ चिकित्सा परामर्श केंद्र श्रीमाधोपुर में 28 फरवरी प्रातः 9 से दोपहर 12 बजे तक निःशुल्क अस्थमा चिकित्सा परामर्श शिविर आयोजित किया जाएगा। संस्थान के युगल किशोर शर्मा जोशी एवम समाजसेवी छाजूराम खेड़ीवाल ने बताया कि शिविर में डॉ आर एस सिसोदिया पूर्व टीवी स्टेट ऑफिसर जयपुर द्वारा दमा, एलर्जी, चेस्ट, टीबी,पुरानी खांसी से ग्रसित मरीजों को नि,:शुल्क परामर्श देंगे। मरीजों की छाती की जांच स्पाईरोमीटर से निःशुल्क की जाएगी ।

कार्यक्रम में 210 किसानों ने लिया भाग

निवाई। वनस्थली के कृषि विज्ञान केंद्र में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि की 19वीं किस्त किसानों के खातों में डीबीटी के जरिए हस्तांतरित की गई। इसका सीधा प्रसारण किसानों को दिखाया गया। इसके बाद धन्यवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। केंद्र प्रभारी बंशीधर ने बताया कि किसानों को आगामी फसल के लिए आदान क्रय करने में सहायता के लिए भारत सरकार के कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय ने 19वीं किस्त के रूप में दो हजार रुपये खातों में भेजे हैं। इस पर प्रधानमंत्री का धन्यवाद कार्यक्रम रखा गया। कार्यक्रम में कृषि विज्ञान केंद्र के वैज्ञानिक डॉ. संदीप कुमार चौधरी, डॉ. धीरज कुमार, डॉ. सरोज चौधरी व रामनारायण गुर्जर सहित 210 पुरूष व महिला किसान मौजूद रहे।

निःशुल्क परामर्श व जांच शिविर आज

सांभरझील। यहां सिंधी मोहल्ला स्थित दरबार में संत पुरसनाराम साहिब जी के 192वें जन्मोत्सव एवं सतीश साध की स्मृति में शैल्बी मल्टी स्पेशलिटी हॉस्पिटल जयपुर द्वारा निःशुल्क चिकित्सा परामर्श जांच शिविर का आयोजन मंगलवार को होगा। निःशुल्क चिकित्सा परामर्श एवं जांच शिविर में साध पुरसनाराम-साध रत्तूराम चेरेटिबल हॉस्पिटल अजमेर के डॉ. प्रीतम टी. चान्दवानी फ़िजीशियन व पुरूषोत्तम टी. चान्दवानी सहायक केमिस्ट के द्वारा सेवाएं और निःशुल्क दवाईयां प्रदान की जाएंगी। सुबह 11 बजे से दोपहर 2 बजे तक शिविर में ब्लडप्रेशर, ब्लड सुगर, थाइराइड, ईसीजी एवं हड्डियों के कैल्शियम की सभी जांचें शिविर में निः शुल्क की जाएंगी।

तीन घंटे बिजली बंद रहेगी

निवाई। रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते विद्युत विभाग द्वारा मंगलवार को सुबह 3 घंटे बिजली बंद रखी जाएगी। विभाग के कनिष्ठ अभियंता लक्की गोठवाल ने बताया कि रेलवे फाटक पर ओवर ब्रिज के निर्माण कार्य के चलते 132 केवी पावर हाउस सुबह 7 से 10 बजे तक बिजली बंद रहेगी। जिसके दौरान समस्त 33 केवी शहर व ग्रामीण क्षेत्र के फीडरों सहित नगर पालिका क्षेत्र, ग्रामीण क्षेत्र एवं समस्त औद्योगिक क्षेत्र में सुबह 7 से 10 बजे तक बिजली बंद रहेगी।

फॉर्मर रजिस्ट्री शिविर आयोजित होंगे

कोटपूतली। जिले की विभिन्न ग्राम पंचायतों में फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों का आयोजन किया जायेगा। एसडीएम बृजेश कुमार चौधरी ने बताया कि फॉर्मर रजिस्ट्री शिविरों के तहत 24 से 26 फरवरी तक तहसील कोटपूतली की ग्राम पंचायत खड़ब, शुक्लाबास, चुरी में, तहसील बानसूर की ग्राम पंचायत किशोरपुरा, बुटेरी, कल्याणपुरा में, बहरोड़ की ग्राम पंचायत गूंती, भगवाड़ी खुर्द, मांचल में, नारायणपुर की ग्राम पंचायत नीमुचाना, कराना, गुंडावरा में, तहसील विराटनगर की ग्राम पंचायत पूरावाला, आमलोदा दूदी, तेवड़ी में शिविर का आयोजन किया जायेगा।

'बजट घोषणाओं का त्वरित एवं समयबद्ध क्रियान्वयन सुनिश्चित करें'

टोंक। ऊर्जा एवं जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने टोंक जिले से संबंधित सभी बजट घोषणाओं के कामों में गति लाने के निर्देश दिए हैं और अधिकारियों से कहा कि इनके बेहतर क्रियान्वयन, समयबद्धता एवं गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखा जाएं। साथ ही बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को इनका फायदा मिल सके। जिला प्रभारी मंत्री ने रविवार को जिला परिषद सभागार में आयोजित समीक्षा बैठक में यह निर्देश दिए।

उन्होंने वर्ष 2024 -25 की बजट घोषणाओं के अंतर्गत जारी प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां, निविदा, कार्यदेश, कार्य के प्रारंभ व प्रगति की अपडेट स्थिति जानकारी ली। नागर ने बजट घोषणा वर्ष 2025- 26 के संबंध में भूमि आवंटन, उपलब्धता, चिन्हिकरण की स्थिति पर चर्चा करते हुए इस कार्य को प्राथमिकता से किए जाने पर जोर दिया।

जिला प्रभारी मंत्री हीरालाल नागर ने अधिकारियों की बैठक ली।

उन्होंने कहा कि बजट घोषणाओं का समयबद्ध क्रियान्वयन सरकार की प्राथमिकता है और राज्य स्तर पर इसकी सतत मॉनिटरिंग की जा रही है। प्रभारी सचिव अर्चना सिंह ने कहा कि बजट घोषणाओं से जुड़े सभी विभागीय अधिकारी सरकार की मंशानुरूप कार्यों की नियमित एवं प्रभावी मॉनिटरिंग करें। उन्होंने कहा कि जो प्रस्ताव विभाग मुख्यालय भेजे जाने हैं वे तैयार कर जल्दी भिजवाएं, ताकि प्रशासनिक एवं वित्तीय स्वीकृतियां समय पर मिल सकें। प्रभारी सचिव ने कहा कि बजट घोषणाओं की क्रियान्विति शीघ्र हो, इसलिए जिला एवं ब्लाक स्तरीय अधिकारी समन्वय स्थापित कर कार्य करें। साथ ही, बजट घोषणाओं के संबंध में भूखंड आवंटन संबंधी प्रक्रिया को जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए।

- **बजट घोषणाओं की प्रभावी मॉनिटरिंग कर शीघ्र धरातल पर लाने के निर्देश दिए, ताकि आमजन को इनका फायदा मिल सके**

जिला कलेक्टर डॉ. सौम्या झा ने सभी अधिकारियों को बजट घोषणाओं क्रियान्वयन में निर्देश देते हुए कहा कि अधिकारी अपने स्तर पर भी संबंधित कार्यों की समीक्षा करें। उन्होंने प्रभारी मंत्री नागर को आश्वस्त किया कि सभी अधिकारी दिए गए दिशा निर्देशों की अक्षरशः पालना करते हुए बजट घोषणाओं की क्रियान्विति करना सुनिश्चत करेंगे।

समीक्षा बैठक में देवली-उनियारा विधायक राजेंद्र गुर्जर, निवाई- पीपलू विधायक राम सहाय वर्मा, पूर्व सांसद सुखबीर सिंह जौनपुरिया, चंद्रवीर सिंह चौहान, पूर्व नगर परिषद सभापति लक्ष्मी जैन, आयोजन समिति के सदस्य ओमप्रकाश गुप्ता समेत विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

व्यापार मंडल ने सौंपा ज्ञापन

पीपलू। रानोली उपतहसील मुख्यालय पर पिछले 4 दिन से रोड लाइट बंद होने के कारण ग्रामीणों को काफी समस्या हो रही है इस पर सोमवार को व्यापार मंडल को अध्यक्ष गिरिराज प्रसाद तंवर के नेतृत्व में ग्रामीणों व व्यापारियों ने ग्राम विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा है। जिससे ग्रामीणों को परेशानी हो रही है।

उल्लेखनीय है कि रोड़ लाइट का बिल बकाया होने की वजह से निगम ने कनेक्शन काट दिया है। व्यापार मंडल ने नाम ग्राम विकास अधिकारी अंबालाल गुर्जर को ज्ञापन सौंपकर रोड लाइट का बिल जमा करवाकर बिजली सुचारू रूप से चालू करवाएं जाने की मांग की है। रोड लाइट बंद होने से चोरी की घटनाएं होने का डर व्यापारियों में बना रहता है। इस दौरान पंचायत समिति सदस्य भरत यादव, सत्यनारायण तंवर, देवा लाल गुर्जर, कैलाश लक्षकार, आशीष जैन, मुकेश यादव, गिर्राज प्रसाद सेन, रामावतार सेन व मुकेश सेन सहित कई व्यापारी मौजूद रहे।

राजपुरा सिक्ख को नई पंचायत बनाने की मांग

नारायणपुर । ग्राम पंचायत चांदपुरी से राजपुरा सिक्ख को अलग कर नई पंचायत बनाने की मांग को लेकर सोमवार को ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह राठौड़ को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा। ग्रामीणों का कहना है कि राजपुरा सिक्ख के अंतर्गत श्यामपुरा जागीर,डूंगा का बास,जोगियों की ढाणी,बलाईयों की ढाणी,यादवों की ढाणी,मालियों की ढाणी जैसी प्रमुख ढाणियाँ व राजस्व ग्राम आते हैं। इनकी कुलजनसंख्या लगभग 3043हैं,जो प्रशासनिक दृष्टि से महत्वपूर्ण हैं। वर्तमान में इन ढाणियों की दूरी ग्राम पंचायत मुख्यालय चांदपुरी से लगभग 3 किलोमीटर है,ग्रामीणों ने तर्क दिया कि राजपुरा सिक्ख भौगोलिक रूप से सभी गाँव और ढाणियों के मध्य में स्थित है,जिससे यह नई पंचायत बनाने के लिए उपयुक्त स्थान होगा। उन्होंने यह भी बताया कि यदि राजपुरा सिक्ख को नवगठित ग्राम पंचायत बनाया जाता है तो सरकारी कार्यालयों के निर्माण के लिए पर्याप्त सिवायचक भूमि उपलब्ध है।

ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार अनिरुद्ध सिंह राठौड़ को एसडीएम के नाम ज्ञापन सौंपा।

इस दौरान ज्ञापन सौंपने वालों में खरकडी सरपंच भागीरथ सैनी,मनोहर लाल योगी, देशराज शर्मा, दयाराम यादव, रामसिंह चौधरी, फूलचंद शर्मा, जगदीश यादव, सेडूराम शर्मा, श्याम लाल शर्मा, पूरण योगी, महेश योगी, भगवान सहाय वर्मा, संजय शर्मा,छोटे लाल यादव, सतीश योगी, कमलेश योगी सहित कई ग्रामीण उपस्थित रहे।

श्याम की शोभायात्रा निकली

मनोहरपुर । कस्बे के खोरा रोड से श्रीश्याम वार्षिक महोत्सव पर श्री श्याम गो सेवा सत्संग मंडल के तत्वावधान में सोमवार शाम को शाही लवाजमे के साथ बाबा खाटू श्याम की विशाल शोभायात्रा निकाली गई।

अध्यक्ष संतोष अग्रवाल ने बताया कि शोभायात्रा खोरा रोड से शाम 7 बजे रवाना हुई जो गांधी चौक तक निकाली गई। झांकी मनोहरलाल पारीक गुरुजी एवं गणेश नारायण स्वामी के द्वारा सजाई गई। यह शोभायात्रा आकर्षण का केंद्र रही। यात्रा का विधिवत पूजा अर्चना कर शुभारंभ किया गया। शोभायात्रा का लोगों ओर व्यापारियों ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया।वही जगह जगह विभिन्न प्रकार के व्यंजनों की स्टाल लगाई गई।इस दौरान शोभायात्रा में बाबा श्याम के भजनों पर श्रद्धालु जमकर थिरके।इस दौरान भव्य रंग बिरंगी आतिशबाजी की गई। पूर्व व्यापार मंडल अध्यक्ष व भामाशाह डीके सोनी सहित व्यापारियों ने शोभायात्रा में जलपान, फ्रूट जूस, बिस्किट वितरित किए।

फार्मर्स रजिस्ट्री कैंप मैं किसानों ने बढ़-चढ़कर लिया भाग

अलवर। मालाखेड़ा उपखंड अधिकारी नवज्योति कांवरिया ने फार्मर रजिस्ट्री कैंप के तहत किसानों को मिलने वाले लाभों पर जानकारी साझा की। उन्होंने बताया कि मालाखेड़ा पंचायत समिति की कुल 29 ग्राम पंचायतों में से अब तक 15 ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित किए जा चुके हैं, जिनके माध्यम से 5,458 किसानों की फार्मर आईडी बनाई जा चुकी है।

- **29 ग्राम पंचायतों में से अब तक 15 ग्राम पंचायतों में फार्मर रजिस्ट्री कैंप आयोजित किए जा चुके हैं**

उपखंड अधिकारी ने आगे बताया कि मालाखेड़ा पंचायत समिति क्षेत्र में कुल 18,558 पीएम किसान योजना के लाभार्थी हैं। शेष बचे किसानों की फार्मर आईडी बनाने की प्रक्रिया 31 मार्च तक पूरी कर ली जाएगी। इससे किसानों को सरकारी योजनाओं और कृषि संबंधी लाभ प्राप्त करने में सुविधा होगी। फार्मर आईडी बनने से किसानों को विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लेने, कृषि अनुदान प्राप्त करने और डिजिटल माध्यम से सरकारी सुविधाओं तक आसानी से पहुंचने में मदद मिलेगी।

तहसीलदार मेघा मीणा ने कैंप में पहुंचकर किसानों को यूनिक आईडी बनवाने के लिए प्रेरित किया ।

मोहब्बतपुर के सरपंच कुंती सेडूराम यादव ने बताया कि आज कैंप का दूसरा दिन है और 457 का टारगेट को पार करते हुए आज करीब 335 यूनिक आईडी किसानो की बनाई गई है मालाखेड़ा तहसीलदार मेघा मीणा ने शिविर का किया निरीक्षण के दौरान किसानों को यूनिक आईडी बनवाने के लिए किया प्रेरित किया। इस मौके पर ग्राम विकास अधिकारी हेमंत कुमार सेन, सरपंच प्रतिनिधि सोडूराम यादव, कृषि पर्यवेक्षक छोटू कुमारी, कनिष्ठ सहायक कविता मीणा, एएनएम सुनीता यादव, विमल मेहलावत, पटवारी हेमंत कुमार कानूनगो पवन कुमार शर्मा, पशु चिकित्सक विक्रम मीणा, पीएचईडी ब्रह्माकुमार आदि लोग उपस्थित हुए।

गणेश प्रसादी हुई धूम धाम से सम्पन

मनोहरपुर। जांगिड ब्राह्मण सामूहिक विवाह सामिति त्रिवणी धाम शाहपुरा के तत्वावधान में गणेश प्रसादी का आयोजन त्रिवेणी धाम में प्रभुदयाल जांगिड़ भामोदवाले की अध्यक्षता, मुख्य अतिथि विकास समिति अजीतगढ़ के अध्यक्ष मूलचन्द जागिड व भाजपा नेता रामस्वरूप जांगिड़ बगवाड़ा आतिथ्य में आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम में 12 नवंबर 2024 को 17 वे सामूहिक विवाह सम्मेलन में के सफल आयोजन के उपलक्ष में हुआ था। सर्व प्रथम अतिथियो ने भगवान श्री विश्वकर्मा की पूजा अर्चना की गयी। तत्पश्चात पधारे गये सभी भामाशाओं, बुद्धजनों व अतिथियो का स्वागत समिति के पदाधिकारी मुख्य सरक्षक मामराज चिचावा, कार्यकारी अध्यक्ष मदन लाल हरसोलिया, कोषाध्यक्ष- मोहन लाल आमेरिया, समिति अध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार जागिड, मुख्य संरक्षक लखन लाल जांगिड ने पुष्पाहार व साफा पहनाकर स्वागत किया गया । साथ ही पधारे हुये 21 जोडी दम्पत्तियों का सम्मान बालासहाय चिचावा, सत्यनारायण हरसोलिया ,किरण देवी व सुनिधि जांगिड़ ने पुष्पहार, साफा, शाल पहनाकर विवाह प्रमाण-पत्र दिया गया। रामस्वरूप बगवाडा, कज्जूलाल धानोता, दोनो ने समाज को संगठित रहकर कुरितियों से बचाव व शिक्षा के विकास पर जोर दिया । साथ ही नाथावाला स्थित आई टी आई के निर्देशक राजन खुडानिया को भी सम्मानित किया। साथ ही 18 वा विवाह सम्मेलन 2025 में आने वाली देव उठनी ग्यारस को 21 जोडों का सामूहिक विवाह करने की घोषणा की गयी। इस अवसर पर पूर्व तहसील अध्यक्ष बाबूलाल पापडी, विकास समिति अजीतगढ़ के अध्यक्ष मूलचन्द जांगिड़ ,बाबूलाल डेरोलिया, लल्लू राम-धानोला बाबूलाल खोजावाला, अशोक कुमार-खातेडी, रामस्वरूप आमेरिया, सीताराम कुटाला, राधेश्याम-रतपुरा , कैलाश चन्द ठीकरिया, घीसालाल धानोता, प्रभुदयाल- खटकड़ , शंकर लाल मानगढ़ ,रामावतार जांगिड़ आदि सैकड़ो लोग समारोह में मौजूद रहे। मंच संचालन राधेश्याम रतनपुरा व लखन लाल-नायन ने किया। कोषाध्यक्ष-मोहन लाल-आमेरिया ने आय-व्यय का विवरण प्रस्तुत किया।

- **वैवाहिक जोड़ो को विवाह पंजीयन प्रमाण पत्र सौंपे गए**

'राठौड़ के प्रदेशाध्यक्ष बनने से आम कार्यकर्ताओं को मिली आवाज'

कोटपूतली। राजस्थान सेवानिवृत कर्मचारी महासंघ के प्रदेशाध्यक्ष एवं कोटपूतली-बहरोड़ जिले के वरिष्ठ भाजपा नेता पं. बृजमोहन शर्मा ने सोमवार को राजधानी जयपुर पहुँचकर संगठन पर्व 2024 के अन्तर्गत भाजपा प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचित होने पर वरिष्ठ नेता मदन राठौड़ को बधाईयां एवं शुभकामनायें प्रेषित की। इस मौके पर पं. शर्मा ने राठौड़ का पुष्प गुच्छ भेंटकर, पार्टी का दुपट्टा पहनाकर एवं मुंह मीठा करवाकर स्वागत एवं अभिनंदन किया। उन्होंने कहा कि राठौड़ के भाजपा प्रदेशाध्यक्ष बनने से आम कार्यकर्ताओं की भावनाओं को आवाज मिली है। प्रदेशाध्यक्ष राठौड़ ने पंक्ति में खड़े अन्तिम कार्यकर्ता को साथ लेकर चलने की बात कही। वहीं पं. शर्मा ने मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा समेत केन्द्रिय पर्यवेक्षयक व गुजरात के पूर्व सीएम विजय रूपाणी, प्रदेश प्रभारी राधा मोहन दास अग्रवाल, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे एवं वरिष्ठ नेताओं व पार्टी पदाधिकारियों का आभार भी व्यक्त किया।

- **नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ को दी बधाई, किया अभिनन्दन**

वैद्य शर्मा ने नवनिर्वाचित भाजपा प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ का अभिन्नदन किया।

उन्होंने कहा कि इससे कार्यकर्ताओं में अपार ऊर्जा, शक्ति, उत्साह व जोश का संचार हुआ है। राठौड़ को जब प्रदेशाध्यक्ष मनोनीत किया गया था, तभी से वे निरन्तर भाजपा कार्यकर्ताओं के साथ-साथ आमजन की समस्याओं को त्वरित रूप से हल कराने के चलते सबकी पसंद बन गये थे। जिससे आमजन निरन्तर अपनी समस्याओं को लेकर उनके पास जाते रहे है एवं राठौड़ के द्वारा जन भावनाओं के अनुरूप इन समस्याओं को हल करने का कार्य किया जा रहा है। जिससे सभी वर्ग राठौड़ की कार्यशैली से प्रभावित है। उनके निर्विरोध प्रदेशाध्यक्ष निर्वाचन से पार्टी कार्यकर्ता ही नहीं बल्कि प्रदेशवासियों में भी हर्ष की लहर दौड़ गई है। शर्मा ने कहा कि राठौड़ के नेतृत्व व कुशल मार्गदर्शन में पार्टी संगठन मजबुती के साथ नई ऊंचाईयों को प्राप्त करेगा एवं प्रदेश में पार्टी की स्थिति और भी सुदृढ़ होगी।

भाजपा की विचारधारा पंक्ति में खड़े व्यक्ति एवं जन-जन तक पहुँचाने में राठौड़ सकारात्मक भूमिका निभायेगें। उन्हें संगठन का व्यापक अनुभव है, वे एक कुशल कार्यकर्ता से लेकर एक जनप्रतिनिधि, एक नेता, दो बार विधायक, पांच बार जिलाध्यक्ष के साथ-साथ विभिन्न पदों व भूमिकाओं में अपनी कार्यकुशलता का सार्थक परिचय दे चुके है। जिसका लाभ भाजपा के संगठन को मिलेगा। उल्लेखनीय है कि राठौड़ को सात माह में ही दूसरी बार राजस्थान भाजपा की कमान सौंपी गई है।

कृष्ण का अंतर विश्वविद्यालय खो-खो टीम में चयन

श्रीमाधोपुर। कस्बे के महात्मा गाँधी पीजी कालेज खिलाडी का चयन अंतर विश्वविद्यालय खो खो टीम में हुआ है। कार्यालय प्रभारी कैलाश बिजारणियां ने बताया कि महाविद्यालय के छात्र कृष्ण कुमार यादव पुत्र बद्री प्रसाद निवासी-अरनिया, का चयन अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खो खो टीम में हुआ है। खिलाडी के महाविद्यालय पहुंचने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी द्वारा माला पहनाकर, मिठाई खिलाकर, प्रतीक चिन्ह प्रदान स्वागत कर सम्मानित किया गया। कोच रामसिंह जाट ने बताया की अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खो खो टूर्नामेंट का आयोजन विक्रांत यूनिवर्सिटी ग्वालियर, मध्य प्रदेश में 07 से 11 मार्च 2025 तक होगा। खिलाड़ी कृष्ण कुमार यादव अखिल भारतीय अंतर विश्वविद्यालय खो खो टूर्नामेंट में पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी यूनिवर्सिटी, सीकर का प्रतिनिधित्व करेगा। विश्विद्यालय टीम में चयन होने पर निदेशक मोहर सिंह खर्रा, प्राचार्य डॉ वीरेंद्र सैनी व स्टाफ सदस्यों ने ख़ुशी व्यक्त की।

सार-समाचार

पोस्टर का विमोचन किया

फुलेरा । कस्बे के निकटवर्ती ग्राम सामोता का बास में संचालित श्री बालाजी गौ शाला में आगामी 12 मार्च को गौ शाला समिति के तत्वाधान में आयोजित होने वाली भजन संध्या को लेकर सोमवार को पोस्टर का विमोचन किया गया। उपरोक्त जानकारी देते हुए समिति के अध्यक्ष गंगाराम भटेश्वर ने बताया कि गौशाला में होने वाले भजन संध्या कार्यक्रम में संत प्रकाशदास महाराज एवं गौभक्त ओमजी मुण्डेल भाग लेकर भजनों की प्रस्तुतिया देगें। गौरतलब है कि उक्त गौशाला की स्थापना वर्ष 2024 में स्थानीय ग्राम वासियों के सहयोग से सामोता का बास में की गई। इसके चलते गौशाला में अभी 100 गायें रहती है। गौशाला के निमित इस भजन संध्या का आयोजन किया जा रहा है। पोस्टर के विमोचन के दौरान समिति के अध्यक्ष गंगाराम भटेश्वर, रामजीलाल सामोता, नारायण लाल बिजारणिया, मदन सामोता, देवकरण गुर्जर, राजू जाखड, सुवालाल सामोता, मुकेश सामोता, सूजाराम सामोता, शैतान सामोता, गोपाल बिजारणिया, हेमराज मुझाड़िया, गोमाराम सामोता, महेश घोड़ेला, मनीष सामोता, रामकरण गुर्जर, राजेन्द्र सामोता सहित अन्य लोग मौजूद थे।

मीणा ने मुकेश गौतम से शिष्टाचार भेंट की

देवली । भाजपा में राष्ट्रीय परिषद के नवनिर्वाचित सदस्यों की घोषणा में प्रदेश से 25 राष्ट्रीय परिषद सदस्यों का भी निर्वाचन किया गया। इनमें शामिल रामकिशोर मीणा राष्ट्रीय परिषद के सदस्य बनने के बाद सोमवार को यहां गुरु कृपा संस्थान केंद्र पहुंचे । इस अवसर पर रामकिशोर मीणा ने गुरु कृपा संस्थान के पंडित मुकेश गौतम से शिष्टाचार भेंट की और आशीर्वाद लिया । इस दौरान पंडित मुकेश गौतम ने रामकिशोर मीणा का माल्यार्पण कर स्वागत किया। और मीणा को हार्दिक शुभकामनाएं भेंट की। इस अवसर पर राष्ट्रीय परिषद सदस्य रामकिशोर मीणा ने बताया कि वह शादी समारोह में शामिल होने के लिए जयपुर से बूंदी जा रहे थे। इसी बीच मीना कुछ समय के लिए देवली शहर रुके और इस दौरान रामकिशोर मीणा भगवान गुरु कृपा संस्थान पर पहुंचे । यहां मीणा ने पंडित मुकेश गौतम से ज्योतिषीय परामर्श लिया। इस मौके पर राकेश शर्मा,बृजेश भारद्वाज,अनिल शर्मा व बी एल मीना रानीपुरा ने भी राष्ट्रीय सदस्य रामकिशोर मीणा का मलयार्पणकर किया स्वागत किया।

हवन यज्ञ का आयोजन

पावटा। श्री श्री 1008 श्री भरतदास जी महाराज व श्री श्री 1008 श्री गोपालदास जी महाराज की असीम कृपा से टोरडा स्थिति बगीची आश्रम के महंत श्री मंगलदास जी महाराज के सानिध्य में 61 कुंडीय एक दिवसीय एकादशी व्रतोद्यापन महायज्ञ का आयोजन आज सोमवार प्रातः से किया जा रहा है। जिसमें 251 जोड़े वैदिक विधि-विधान से आहुतियां देंगे तथा आसपास व दूरदराज के भक्त बड़ी संख्या में भाग लेंगे व नवग्रह शांति, श्री लक्ष्मीनारायण भगवान की पूजा करते हुए यज्ञ कार्य के समानांतर एकादशी व्रत कथा यज्ञाचार्य व कथा व्यास याज्ञिकरत्न विभूषित आचार्य श्री दिनेश त्रिवेदी जी एकादशी व्रत कथाएं व उपदेश देंगे। इस दौरान श्रीमदरामचरितमानस अखंड पाठ ,भजन कीर्तन और श्री राम नाम संकीर्तन के आयोजन के बाद मंगलवार को संतो का सम्मलेन, प्रवचन व विशाल भंडारे का आयोजन किया जायेगा। मंदिर महंत श्री मंगलदास जी महाराज ने बताया कि सोमवार सायं तथा मंगलवार प्रातः प्रभात वेला में योग शिविर के माध्यम से जन कल्याणकारी कार्यक्रमों का भी आयोजन रहेगा

मार्च में होगा लोकार्पण

राजगढ़। मार्च 2025 में सुसज्जित एवं सौंदर्य कृत राजगढ़ स्टेशन के रूप में क्षेत्र के लोगों को सौगात मिल सकेगी। अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत 13 करोड़ की लागत से सौंदर्य करण का कार्य लगभग 97 फीसदी पूरा हो चुका है। दूसरे चरण में चल रहा फुट ब्रिज का कार्य भी पूर्ण होने की तैयारी की गई है। विदित रहे कि अमृत भारत योजना के तहत रेलवे स्टेशन का 13 करोड़ की लागत से सोनारीकरण कार्य चालू हुआ। इसके तहत आवास निर्माण, पार्किंग स्थल, वेटिंग रूम, दो गेट, सर्कुलेटिंग एरिया, एवं फुट ओवर ब्रिज का निर्माण शामिल है। राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर कोच इंडिकेटर सिस्टम एवं टिकट घर को भी नया लुक प्रदान किया गया है। राजगढ़ रेलवे स्टेशन पर पुट ओवर ब्रिज का कार्य तेज गति से जारी है। इसके मार्च में पूरा हो जाने की संभावना है। मार्च माह में सौंदर्य कृत राजगढ़ स्टेशन के नए लुक लोकार्पण की योजना भी प्रस्तावित है। मार्च माह में राजगढ़ क्षेत्र के लोगों को सुविधाजनक रेलवे स्टेशन मिलने से लोगों को राहत मिल सकेगी।

एटीएम लूटने की कोशिश नाकाम

दौसा। लालसोट के कोथून रोड स्थित बैंक ऑफ बड़ौदा के एटीएम में रविवार रात नकदी लूटने की कोशिश नाकाम हो गई। जैसे ही नकाबपोश बदमाश एटीएम मशीन से छेड़छाड़ करने लगा, पुलिस के मौके पर पहुंचते ही वह फरार हो गया। रात 12 बजे के बाद एक बदमाश एटीएम केबिन में घुसा और सबसे पहले वहां लगे सीसीटीवी कैमरे को घुमा दिया। इसके बाद मशीन से छेड़छाड़ शुरू कर दी। इसी दौरान बैंक के हैदराबाद स्थित कंट्रोल रूम को छेड़छाड़ की सूचना मिल गई। कंट्रोल रूम ने तुरंत दौसा पुलिस को सतर्क किया। सूचना मिलते ही लालसोट थाना पुलिस मौके पर पहुंची, लेकिन पुलिस को देखते ही बदमाश वहां से भाग निकला। पुलिस की तत्परता से एटीएम में रखी नकदी सुरक्षित बच गई। अब पुलिस आरोपी की पहचान के लिए सीसीटीवी फुटेज खंगाल रही है और इलाके में तलाशी अभियान चला रही है।

1.26 करोड़ की मिली स्वीकृति

चौमू / कालाडेरा । विधानसभा क्षेत्र चौमूं में सड़को के नवीनीकरण कार्य के लिए सार्वजनिक निर्माण विभाग द्वारा 1.26 करोड़ की स्वीकृति जारी की गई है। भाजपा प्रदेश प्रवक्ता एवम् पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा और उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी का आभार जताया। सड़क नवीनीकरण कार्यो में रेनवाल रोड से सबलपुरा घिनोई (2 किमी.)- 36 लाख रुपए, रेनवाल रोड से विमलपुरा तक (2 किमी.) - 36 लाख रुपए और कालाडेरा से धाना का बास जालिम सिंह का बास वाया कुमावतो का बाढ तक (3 किमी.) - 54 लाख रुपयो की लागत के निर्माण कार्यो की स्वीकृति मिली है। पूर्व विधायक रामलाल शर्मा ने बताया कि विधानसभा क्षेत्र में सड़को के नवीनीकरण कार्य के लिए 1.26 करोड़ रुपयों की स्वीकृति मिली हैं, उक्त सड़के काफ़ी क्षितग्रस्त हो चुकी थी। सड़को के नवीनीकरण का कार्य शीघ्र ही प्रारंभ कर दिया जाएगा, जिससे आने वाले समय में ग्रामवासियों को राहत मिल सकेगी।

मृतक कांस्टेबल के परिवार को 7 लाख 71 हजार की राशि सौंपी

चौंमू / कालाडेरा । गोविन्दगढ सर्किल व जयपुर ग्रामीण पुलिस के द्वारा सराहनीय पहल करते हुए। जयपुर ग्रामीण पुलिस ने निभाया सामाजिक सरोकार कार्य। गौरतलब है की कुछ दिनों पहले कालाडेरा पुलिस थाने में तैनात कांस्टेबल राजेन्द्र की कैंसर की बिमारी से मृत्यु हो गई थी। गोविन्दगढ़ सीओ राजेश जांगिड़ की पहल पर पुलिसकर्मियों ने बढ़ चढ़कर मदद के लिए हाथ बडाये सर्किल के सभी पुलिसकर्मियों ने 7 लाख 71 हजार रुपए की राशि एकत्रित की। गोविन्दगढ सीओ राजेश जांगिड़ के नेतृत्व में पुलिसकर्मी ने मृतक कांस्टेबल राजेन्द्र के घर पहुंचकर मृतक कांस्टेबल के परिजनों को सौंपी आर्थिक सहायता राशि। पुलिसकर्मियों ने मृतक कांस्टेबल के परिजनों को हर संभव मदद का दिलाया भरोसा इस मौके पर कालाडेरा थाना प्रभारी बाबूलाल मीणा, गोविन्दगढ थानाधिकारी चंद्रशेखर शर्मा व अन्य पुलिसकर्मी सहीत ग्रामीणजन रहे मौजूद।

एक स्थायी वारन्टी गिरफ्तार

टोंक। वांछित फरार आरोपियों की धरपकड अभियान के तहत वृताधिकारी टोंक राजेश विधार्थी व मेहन्दवास थानाधिकारी ओमप्रकाश द्वारा किये जा रहे जांच अनुसंधान में वांछित मुल्जिम स्थायी वारन्टी श्रवण पुत्र रामदेव जाट उम्र 30 साल निवासी हमीरपुर को गिरफ्तार किया है।